Number of Pages in Booklet : ...
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : ...
Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

# Hindi

## Subject Code / विषय कोड - 03

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ...................................

OMR Serial Number/ओ. एम. आर. क्रमांक : ...................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ...................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ...................................

Signature of Invigilator /वीक्षक के हस्ताक्षर : ...................................

**Time/समय : Two hours/ दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

### INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना हैं।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा।

03

1. Which of the following is **not** written by Munshi Premchand ?
(A) Gaban (B) Godan
(C) Guide (D) Manasarovar

2. How many banks were nationalised in 1969 ?
(A) 16 (B) 14
(C) 15 (D) 19

3. Which planet is known as sister of earth ?
(A) Mars (B) Venus
(C) Mercury (D) Saturn

4. Chemical formula for water is :
(A) $H_2O$ (B) $Al_2O_3$
(C) $NAlO_2$ (D) $CO_2$

5. 4, 8, 10, 14, 16, 20, __?__
(A) 22 (B) 21
(C) 20 (D) 16

6. If the SUMMER is coded RUNNER, the code for WINTER is :
(A) SUITER (B) WALKER
(C) VIOUER (D) SUFFER

7. A man said to a lady, "The son of your only brother is the brother of my wife". What is the lady to the man ?
(A) Mother
(B) Sister
(C) Sister of Father-in-law
(D) Grandmother

8. The antonyms of word Protects :
(A) Defends (B) Deprives
(C) Deserts (D) Devises

9. Find the correct spelt word :
(A) Capricious (B) Cappricious
(C) Caprisious (D) Carisuous

10. Story of old time gods is :
(A) Lyric (B) Epic
(C) Legend (D) Romance

1. निम्नलिखित में से कौन-सी मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित **नहीं** हैं ?
(A) गबन (B) गोदान
(C) गाईड (D) मानसरोवर

2. 1969 में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ ?
(A) 16 (B) 14
(C) 15 (D) 19

3. कौन-सा ग्रह पृथ्वी की बहन के रूप में जाना जाता है ?
(A) मंगल (B) शुक्र
(C) बुध (D) शनि

4. पानी का रासायनिक सूत्र है :
(A) $H_2O$ (B) $Al_2O_3$
(C) $NAlO_2$ (D) $CO_2$

5. 4, 8, 10, 14, 16, 20, __?__
(A) 22 (B) 21
(C) 20 (D) 16

6. यदि SUMMER का संकेत RUNNER है, तो WINTER का संकेत होगा :
(A) SUITER (B) WALKER
(C) VIOUER (D) SUFFER

7. एक व्यक्ति ने एक महिला से कहाँ, "आपके भाई का एकमात्र पुत्र मेरी पत्नि का भाई है"। तो वह महिला उस व्यक्ति की क्या है ?
(A) माँ
(B) बहन
(C) ससुर की बहन
(D) दादी

8. Protects का विलोम शब्द है :
(A) Defends (B) Deprives
(C) Deserts (D) Devises

9. शुद्ध वर्तनी शब्द है :
(A) Capricious (B) Cappricious
(C) Caprisious (D) Carisuous

10. ईश्वर की पौराणिक कहानीयाँ है :
(A) Lyric (B) Epic
(C) Legend (D) Romance

11. 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' नामक कृति के लेखक हैं :

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. रामकुमार वर्मा

(D) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

12. 'अरे इन दोऊ न राह न पाई' पंक्ति में दोनों हैं :

(A) आत्मा - परमात्मा

(B) हिन्दू - मुसलमान

(C) भक्त - भगवान

(D) निर्गुण - सगुण

13. इनमें सन्त कवि नहीं है :

(A) घनानंद (B) कबीर

(C) रैदास (D) पीपा

14. 'सखि हे कतहुँ न देखि मधाई' पंक्ति में मधाई है :

(A) राधा (B) उद्धव

(C) गोपियाँ (D) श्रीकृष्ण

15. महादेवी वर्मा लिखित 'निराला भाई' रचना की विधा है :

(A) जीवनी (B) रेखाचित्र

(C) संस्मरण (D) कहानी

16. उपेन्द्रनाथ अश्क के 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी की संवेदना है :

(A) दहेज प्रथा (B) स्त्री शिक्षा

(C) स्त्री अस्मिता (D) अनमेल विवाह

17. 'भोर का तारा' एकांकी के रचयिता हैं :

(A) राम कुमार वर्मा (B) विष्णु प्रभाकर

(C) भुवनेश्वर (D) जगदीशचन्द्र माथुर

18. खड़ी बोली में लिखा गया प्रथम महाकाव्य है :

(A) प्रियप्रवास (B) साकेत

(C) कुरुक्षेत्र (D) नूरजहाँ

19. 'बबूल' कविता के रचयिता हैं :

(A) अज्ञेय (B) मुक्तिबोध

(C) धर्मवीर भारती (D) नरेश मेहता

20. 'निरखि सखी यै खंजन आये' पंक्ति किस काव्य की है?

(A) यशोधरा (B) पंचवटी

(C) साकेत (D) जयद्रथवध

21. 'जनहुँ कँवल संग फूली कुई' पंक्ति में अलंकार है :

(A) उपमा (B) रूपक

(C) दीपक (D) उत्प्रेक्षा

22. 'मधुकर हँसि समुझाय सौंह दै' पंक्ति में मधुकर है :

(A) उद्धव (B) कंस

(C) श्रीकृष्ण (D) ग्वाले

23. नंददास के गुरु का नाम है :

(A) सूरदास (B) वल्लभाचार्य

(C) गोस्वामी विट्ठलनाथ (D) रामानंद

24. इनमें विष्णुकांत शास्त्री की रचना का शीर्षक है :

(A) रज़िया (B) ये हैं प्रोफेसर शशांक

(C) तुम्हारी स्मृति (D) मकदूम बख्श

25. 'पाजेब' कहानी की मूल संवेदना है :

(A) नारी सम्मान (B) स्वार्थ भावना

(C) बालमनोविज्ञान (D) सामाजिक बदलाव

26. इनमें रीतिसिद्ध काव्यधारा का कवि हैं :

(A) बिहारी (B) धनानन्द

(C) केशवदास (D) मतिराम

27. रीतिकाल को 'श्रृंगार काल' नाम किस आचार्य ने दिया ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) विश्वनाथप्रसाद मिश्र

(C) डॉ. रसाल (D) मिश्र बंधु

28. रीतिकालीन कवियों का प्रमुख प्रतिपाद्य है :

(A) संयोग शृंगार वर्णन

(B) नायिका रूप वर्णन

(C) दरबारी शान शौकत का वर्णन

(D) काव्यशास्त्र के नियमों का अनुशीलन

29. तो पर वारौं उर बसी, सुनि राधिके सुजान।

तू मोहन के उर बसी, ह्वै उरबसी समान॥

दोहे में अलंकार है :

(A) श्लेष (B) यमक

(C) रूपक (D) उपमा

30. भूषण ने शिवाजी के अतिरिक्त किसकी प्रशस्ति में कविता लिखी ?

(A) जय सिंह (B) मुहम्मदशाह रंगीले

(C) छत्रसाल (D) प्रताप सिंह

31. ये अपने आपको तुलसीदास का शिष्य बताते हैं :

(A) वैणी माधव (B) कैलाश

(C) रघुवरदास (D) गंगाराम

32. तुलसीदास की मृत्यु के समय उनके तलवे सहला रहे थे :

(A) वैणी माधव (B) रघुवरदास

(C) अविनाश राय (D) कृष्णदत्त मिश्र

33. 'तारसप्तक' के प्रकाशन से सूत्रपात हुआ :

(A) छायावाद का (B) प्रगतिवाद का

(C) प्रयोगवाद का (D) रहस्यवाद का

34. इनमें 'तारसप्तक' का कवि **नहीं** हैं :

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) रामविलास शर्मा

(D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

35. झंझा झकोर गर्जन था, बिजली थी नीरदमाला।

पाकर इस शून्य हृदय को, सबने आ डेरा डाला॥

पंक्तियाँ प्रसाद के इस काव्य से हैं :

(A) आँसू (B) झरना

(C) कामायनी (D) लहर

36. 'उत्तम निश्चय यह भल्लनाथ', राम की शक्ति पूजा में किस उत्तम निश्चय की ओर संकेत है?

(A) शक्ति की मौलिक कल्पना

(B) सूर्य की आराधना

(C) लक्ष्मण को युद्ध का नेतृत्त्व

(D) सागर पर पुल बनाना

37. 'जो पुल बनाएंगे, बंदर कहलाएंगे' पंक्ति में बंदर प्रतीक है :

(A) वानरों का (B) हनुमान का

(C) श्रमिक वर्ग का (D) राम का

38. 'कनुप्रिया' काव्य के रचयिता हैं :

(A) अज्ञेय (B) धर्मवीर भारती

(C) मुक्तिबोध (D) धूमिल

39. इनमें नरेश मेहता रचित कविता है :

(A) असाध्यवीणा (B) ब्रह्मराक्षस

(C) कुआनो नदी (D) महाभाव

40. 'सूर्य को भी देवताओं की भाँति __________ ही प्रिय है' पंक्ति में रिक्त स्थान पर शब्द आएगा।

(A) वायु (B) वर्षा

(C) आकाश (D) हरीतिया

41. 'एक गुड़िया की कई कठपुतलियों में जान है' पंक्ति में दुष्यंत कुमार ने गुड़िया का प्रयोग किसके लिए किया है?

(A) आपातकाल के लिए (B) इन्दिरा गांधी के लिए

(C) बुद्धिजीवी के लिए (D) शासक के लिए

42. 'हिमाद्रि तुंग शृंग से' गीत प्रसाद के नाटक से है :

(A) चन्द्रगुप्त (B) ध्रुवस्वामिनी

(C) स्कंदगुप्त (D) विशाख

43. इनमें राजस्थान का कवि **नहीं** है :

(A) ऋतुराज (B) नंदकिशोर आचार्य

(C) रघुवीर सहाय (D) हरीश यादानी

44. 'हिन्दुस्तान में सन् 1857 के पहले रीतिकालीन परम्परा का जोर था। यह वह संस्कृति थी, जो समाज को निकम्मा बनाये थी' यह कथन है :

(A) रामचन्द्र शुक्ल का

(B) डॉ. नगेन्द्र का

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(D) रामविलास शर्मा का

45. इनमें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का नाटक **नहीं** है :

(A) नीलदेवी (B) पहला राजा

(C) भारत दुर्दशा (D) अंधेर नगरी

46. 'कविता क्या है' शीर्षक निबंध नगेन्द्र के अतिरिक्त और किसने लिखा है?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामविलास शर्मा

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) जयशंकर प्रसाद

47. 'नीलकंठ उदास' निबंध है :

(A) सामाजिक (B) व्यंग्यपूर्ण

(C) ललित (D) विचारपूर्ण

48. इनमें ललित निबंधकार **नहीं** है :

(A) विद्यानिवास मिश्र (B) कुबेरनाथ राय

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) डॉ. नगेन्द्र

49. 'यथार्थवाद और छायावाद' निबंध के लेखक हैं :

(A) डॉ. नगेन्द्र (B) जयशंकर प्रसाद

(C) रामकुमार वर्मा (D) महादेवी वर्मा

50. 'किन्तु मेरा नीड़ कहाँ? यह तो स्वर्णपिंजर है' ध्रुवस्वामिनी ने स्वर्णपिंजर किसे कहा है?

(A) कुटिया (B) कच्चा मकान

(C) राजमहल (D) कोठरी

51. 'जो चन्द्रगुप्त से प्रेम करेगी, वह स्त्री न जाने कब चोट कर बैठे' यह कथन है :

(A) रामगुप्त का (B) प्रतिहारी का

(C) शिखरस्वामी का (D) शकराज का

52. 'मुक्तिपथ' नाटक की नायिका है :

(A) ध्रुवस्वामिनी (B) कार्नेलिका

(C) माधवी (D) मीराबाई

53. 'मुक्तिपथ' नाटक का रचयिता हैं :

(A) विष्णु प्रभाकर (B) रवि चतुर्वेदी

(C) हमीदुल्ला (D) उपेन्द्रनाथ अश्क

54. 'दया का क्षेत्र अत्यंत विस्तृत है। दया मनुष्य-मात्र का धर्म है प्राणी-मात्र उसके अधिकारी है' शब्द आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के किस निबंध से हैं?

(A) उत्साह (B) लोभ और प्रीति

(C) श्रद्धा और भक्ति (D) करुणा

55. 'राजद्रोहिनी, विद्रोहिणी, कुलच्छिनी – ये गालियाँ नहीं अलंकार हैं' यह संवाद है :

(A) ध्रुवस्वामिनी का (B) ललिता का

(C) मीराँ का (D) दासी का

56. अर्धासन बैठारि और परिकरमा दीनी।

स्याम सखा निजजाति बहुरि सेवा बहु कीनी॥

ये पंक्तियाँ किस काव्य से हैं?

(A) भँवर गीत (B) भ्रमर गीत

(C) उद्धय शतक (D) गोपी प्रसंग

57. 'काग के भाग बड़े सजनी हरि हाथ सौं लै गयो माखन रोटी' पंक्ति के रचयिता हैं :

(A) सूरदास (B) मतिराम

(C) रसखान (D) पदमाकर

58. 'परदा जिस भावना का अवलम्ब था, वह मर चुकी थी' यहाँ परदा किस भावना का अवलम्ब था?

(A) महिलाओं की शर्म का

(B) परिवार का

(C) झूठी शान का

(D) गरीबी का

59. 'अपनों से प्रेम का प्रदर्शन नहीं किया जाता, शीला जी। अच्छा है हम लोग शारदा की बात न करें' यह कथन किस एकांकी में है?

(A) लक्ष्मी का स्वागत

(B) और वह जा न सकी

(C) ऊसर

(D) भोर का तारा

60. 'चेतना का संसार' निबंध के रचयिता हैं :

(A) नगेन्द्र (B) विद्यानिवास मिश्र

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) अज्ञेय

61. इनमें एक पत्रिका राजस्थान से प्रकाशित होती है :

(A) नया ज्ञानोद (B) वागर्थ

(C) अक्सर (D) वसुधा

62. राजस्थान साहित्य अकादमी का कार्यालय किस नगर में है?

(A) उदयपुर में (B) कोटा में

(C) बीकानेर में (D) जोधपुर में

63. इनमें सुमेलित **नहीं** है :

(A) कफन - प्रेमचंद (B) वापसी - उषा प्रियंवदा

(C) परदा - यशपाल (D) पाजेब - अश्क

64. इनमें सुमेलित **नहीं** है :

(A) प्रसाद - ध्रुवस्वामिनी

(B) रवि चतुर्वेदी - मुक्ति पथ

(C) लक्ष्मी का स्वागत - विष्णु प्रभाकर

(D) भुवनेश्वर - असर

65. इनमें सुमेलित **नहीं** है :

(A) Income Tax - आयकर

(B) Information - सूचना

(C) Application - आवेदन

(D) Editor - लेखक

66. राजस्थान के बांसवाड़ा - डूंगरपुर क्षेत्र की बोली का नाम है :

(A) वागड़ी (B) हाड़ौती

(C) मेवाती (D) मारवाड़ी

67. इनमें एक शब्द शुद्ध **नहीं** है :

(A) आशार्वाद (B) व्युत्पन्न

(C) कमलिनी कूल वल्लभ (D) श्रम साध्य

68. इन शब्द युग्मों में तत्पुरुष समास का उदाहरण है :

(A) दशानन (B) तरुशिखा

(C) नीलपरी (D) दाल-रोटी

**69. इन उपन्यासों में मोहन राकेश लिखित उपन्यास है :**

**(A) मैला आंचल (B) दंडद्वीप**

**(C) बूंद और समुद्र (D) अंधेरे बंद कमरे**

**70. राजस्थानी में 'बातां री फुलवारी' के रचनाकार का नाम है :**

**(A) विजयदान देथा (B) अन्ताराम सुदामा**

**(C) चन्द्रप्रकाश देवल (D) मणिमधुकर**

- o 0 o -

SEAL